Title: Requests to restart Lime Stone Mines at Bhavnathapur, District Garhwa in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह : सभापति महोदय, रॉ मैटिरियल डिविजन सेल के भवनाथपुर जिला गढ़वा (बिहार) में लाइम स्टोन माइन्स १९६८ में स्थापित हुई। इसकी शुरुआत बोकारो स्टील प्लांट के कैपटिव माइन्स के रूप में हुई। इसे १९९२ से आर.एम.डी. से जोड़ा गया। आर.एम.डी. में जोड़ने से पहले इसका सारा माल बोकारो जाता था। उस समय इसका उत्पादन ३० रैक तक था लेकिन आर.एम.डी. से जुड़ने के बाद इसका उत्पादन दो-तीन रैक हो गया यानी उत्पादन मात्र १० परसैंट रह गया। सन् १९९८-९९ के लिए लाइम स्टोन का कोई बजट तक एलोकेट नहीं किया गया। परिणामस्वरूप ४ अप्रेल १९९८ को वहां के प्रबंधन ने साजिश के तहत माइन्स बंद करने की सूचना मजदूरों को दी।

यह बंद किया जा रहा है। माइन्स बंद होने के दौरान मजदूरों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के तहत सेवानिवृत्ति के लिये दबाव डाला जा रहा है। यहां तक कि सी.आई.एस.एफ. के जवान लगाकर मज़दूरों को जबरदस्ती बाहर निकाला जा रहा है। सभापति महोदय, इन खदानों के बंद होने से १० हज़ार मजदूर बेकार हो गये हैं और लाखों परिवार भुखमरी के शिकार हो रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि भवनाथपुर में उत्पादन पुराने स्तर पर होना चाहिये और भवनाथपुर से लोडिंग पुनः शुरु कराई जाये। लाखों परिवारों को भुखमरी से बचाने के लिये काम पुनः शुरु कराया जाये। अभा माननीय स्टील मिनिस्टर यहां नहीं हैं लेकिन कैबिनट के सीनियर मिनिस्टर यहां बैठे हुये है, उनसे पुनः गढ़वा लाइन के कारखाने को चालू करवाने के लिये निवेदन कर रहा हूं।

श्री प्रदीप कुमार यादव (कन्नौज): सभापति महोदय, नये लोगो को बिलकुल भी टाईम नहीं मिला। हमने भी नोटिस दिया है।

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): सभापति महोदय, हम कई दिनों से नोटिस दे रहे लेकिन हमें बुलाया नहीं जा रहा है...

श्री शैलेन्द्र कुमारः सभापति जी, हम भी कई दिन से नोटिस दे रहे हैं लेकिन हमें चांस नहीं दिया गया है।...(

Interruptions)

MR. CHAIRMAN : Shri Indrajit Gupta to speak.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: He has already given a notice. His name is there. I would have called him first.

... (Interruptions)

">

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) :सभापति जी, बिहार स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के भवनाथपुर में सेल के रॉ-मैटीरियल डिवीजन की एक लाइम-स्टोन एवं डोलोमाइट की एक माइन्स है। भवनाथपुर लाइम स्टोन माइन्स बोकारो-स्टील-प्लांट की कैपटीव माइनस थी, जिसे एक साजिश के तहत बंद करने की चेष्टा की जा रही है। लाइम-स्टोन एवं डोलोमाइट स्टील बनाने के लिए महत्वपूर्ण खनिज है । हमारा पलामू प्रमंडल बुरी तरह उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र है। वहां पर रोजगार का अभाव है। ऐसे में अगर यह माइन्स बंद हो जाती है तो मजदूरों का वहां से पलायन होगा और रोजगार के अभाव मेंवे भटक सकते हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि उसे पुनः चालू कराकर वहां के लोगों को भूख से मरने और रोजगार के अभाव में उग्रवाद की गिरफ्त में आने से बचाएं।